AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : लॉकडाउन के दिन कैसे होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

विवि प्रशासन ने लिखा शासन को पत्र, कहा-पास के रूप में मान्य किए जाएं अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2020 के आयोजन पर संकट के बदल छंटने का नाम नहीं ले रहे हैं। कोरोना संक्रमण के चलते बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन पहले ही दो बार टाला जा चुका है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन इस बार नौ अगस्त को होना है। तारीख तय होने के बाद राज्य सरकार ने शनिवार और रविवार के दिन लॉकडाउन घोषित किया है। नौ अगस्त को रविवार है। यानी लॉकडाउन के दिन ही परीक्षा होनी है। लविवि ने इसको लेकर शासन को पत्र भी भेजा है।

बीएड प्रवेश की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दिन किसी परीक्षार्थी को परेशानी न हो इसलिए पत्र लिखा गया है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि परीक्षा के दिन आवागमन की दिक्कत न हो, इसकी व्यवस्था की जाए। बीएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र को ही पास के रूप में मान्य किया जाए। अभी तक इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इसलिए दूसरा पत्र भी भेजा जा रहा है। लविवि द्वारा आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों में दाखिले होने हैं। बीएड में इस साल करीब दो लाख सीटें हैं। इनके लिए करीब चार लाख 31 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

आज से जारी होने हैं प्रवेश पत्र

तमाम सवाल और आशंकाओं के बीच मंगलवार को बीएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी हो जाएंगे। अभ्यर्थी बीएड की वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। लविवि ने सभी परीक्षार्थियों को उनके जनपद में परीक्षा केंद्र चुनने का मौका भी दिया है। प्रवेश परीक्षा प्रदेश के 73 जनपद में होनी है।

व्यवस्था देने को शासन से किया अनुरोध

बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंगलवार से इसके प्रवेश पत्र भी जारी किए जाएंगे। नौ अगस्त को होने वाली परीक्षा को देखते हुए शासन को पत्र भेजा गया है। लाकडाउन के दौरान परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शासन से व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है।

- प्रो. अमिता बाजपेयी, राज्य समन्वयक बीएड प्रवेश परीक्षा

लविवि सहित 60 कॉलेजों में दाखिले के बचे चार दिन शेष

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि सहित 60 कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन करने के लिए अब सिर्फ 4 दिन का समय बचा है। आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई को समाप्त हो रही है। लविवि ने इस बार केंद्रीकृत प्रवेश के तहत 60 कॉलेजों को भी जोड़ा। विवि प्रशासन ने साफ किया है कि आवेदन की अंतिम तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस साल स्नातक और परास्नातक आवेदन की संख्या ने पिछले कई साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। स्नातक आवेदन की संख्या 35 हजार के पार पहुंच चुकी है। जबकि परास्नातक आवेदन की संख्या भी 12 हजार से ज्यादा है। लविवि में अभी तक इतने आवेदन कभी भी नहीं आए हैं। एलएलबी, एलएलएम, बीकॉम, बीसीए, बीएससी के साथ ही परस्नातक में भी काफी पाठ्यक्रमों स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि रिकॉर्ड तोड़ आवेदन के बाद भी मॉर्डन अरेबिक, शास्त्री, आचार्य, अरब कल्चर और पर्शियन जैसे पाठ्यक्रमों के आवेदन ने अभी तक दहाई का आंकड़ा नहीं छुआ है। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि आवेदन की अंतिम तारीख में अब बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। स्नातक के दाखिले मेरिट के आधार पर करने का विचार किया जा रहा है। प्रवेश समिति की बैठक में इस पर अंतिम मुहर लगेगी।

मेरिट से होंगे स्नातक के दाखिले

लविवि ने इस साल स्नातक दाखिले मेरिट के आधार पर होंगे। इस पर अंतिम मुहर प्रवेश समिति की बैठक में लगेगी। परास्नातक में प्रवेश परीक्षा के आधार पर करने पर ही विचार किया जा रहा है।

बढ़ सकती है अनुदानित कॉलेजों में आवेदन की अंतिम तारीख

लविवि की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से अनुदानित कॉलेजों ने खुद को अलग रखा है। ज्यादातर कॉलेज में आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई ही रखी गई है, लेकिन माना जा रहा है कि आवेदन की अंतिम तारीख अभी बढ़ाई जाएगी। डिग्री कॉलेज हर साल लविवि की आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद तक आवेदन फॉर्म लेते रहते हैं।

डॉ. नीरज को विशेष खेल सम्मान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक और लुटा अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन को जिला कबड्डी संघ लखनऊ की ओर से विशेष खेल सम्मान से सम्मानित किया गया है। डॉ. नीरज जैन को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड सम्मान भी दिया गया है। लविवि में सोमवार को डॉ. जैन को सम्मानित करने के मौके पर जिला कबड्डी संघ के सचिव सीजी शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल बाजपेयी, संयुक्त सचिव अनूप शुक्ला और संयुक्त सचिव शराफत अली मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN PAGE 1

बीएड प्रवेश परीक्षा नौ अगस्त को, प्रवेश पत्र जारी

जासं, लखनऊ : संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020 के प्रवेश पत्र सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए।

राज्य समन्वयक प्रोफेसर अमिता वाजपेयी ने बताया कि नौ अगस्त को होने जा रही प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। कोई अभ्यर्थी पासवर्ड भूल गया है तो वह अपनी बीएड-2020 की पंजीकरण संख्या, जन्मतिथि और पंजीकृत मोबाइल नंबर डालकर नया पासवर्ड जनरेट कर सकता है। प्रवेश पत्र दो प्रतियों में होगा। अभ्यर्थियों को कोविड-19 की सभी गाइडलाइन का पालन करना होगा।

PIONEER PAGE 3

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी को ले जाना होगा सैनेटाइजर व पानी की बोतल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोविड 19 महामारी को देखते हुए सरकार द्वारा बचाव को लेकर जारी गाइडलाइन के आधार पर इस बार बीएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को मास्क के साथ ही सैनिटाइजर व पानी की बोतल लेकर जाना होगा। वहीं राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 के आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 9 अगस्त को होने वाली प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर डाऊनलोड कर सकते हैं।

बीएड प्रवेश परीक्षा की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर अमिता वाजपेयी ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपने रेजिस्ट्रेशन नम्बर और पासवर्ड डाल कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल गया हो तो नया पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। प्रवेश पत्र दो प्रतियों में होगा। प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनके द्वारा दी गई पात्रता विषयक सूचनाओं के आधार पर उनको प्रवेश परीक्षा में अस्थाई रूप से शामिल होने की अनुमति मात्र है। बीएड परीक्षा की कोऑर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेई ने बताया कि सोशल सेल्फफाइनेंस के कॉलेजों को सेंटर नहीं बनाया गया है। कुल 1089 सेंटर पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कोविड 19 को देखते हुए स्टूडेंट्स को ज्यादा मूवमेंट न करना पड़े इसलिए गृह जनपद में परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं।

सेंटर पर एक घंटा पहले आना अनिवार्य: परीक्षा के रोल नंबर में पहली दो डिजिट सिटी, बाद की दो डिजिट सेंटर कोड व अंतिम चार नंबर स्टूडेंट्स की सीट संख्या है। हर केंद्र को चार ब्लॉक में बांटा गया है। वहीं थर्मल स्कैनिंग में समय लगेगा इसलिए स्टूडेंट्स को एक घंटा पहले सेंटर पर पहुंचना होगा।

प्रो बाजपेई ने बताया कि हर सेंटर पर सैनिटाइजेशन इंचार्ज बनाए गए हैं जो कि सेंटर पर सैनिटाइजेशन की व्यवस्था देखेंगे। स्टूडेंट्स की पहले थर्मल स्कैनिंग होगी इसके बाद उन्हें मास्क के साथ इंट्री करनी होगी। अगर किसी स्टूडेंट को फीवर होता है तो उसे वापस नहीं किया जाएगा बल्कि उसके लिए एक अलग आइसोलेशन रूम की व्यवस्था की गई है जहां वो बैठकर परीक्षा दे सकेगा। उन्होंने बताया कि 73 सेंटर में 23 जिले नए हैं जहां बीएड के केंद्र बने हैं इसे लेकर एलयू जल्द ही एक बैठक करके सभी को परीक्षा के दिशा निर्देश की जानकारी देगा। वहीं एडमिट कार्ड भी 25 जुलाई तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

नौ अगस्त को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर हैं उपलब्ध

RASHTRIYA SAHARA PAGE 13

जिला कबड्डी संघ ने किया नीरज जैन को सम्मानित

लखनऊ (एसएनबी)। ज़िला कवड्डी संघ ने खेल, युवा प्रोत्साहन, शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान के लिए डा.नीरज जैन को सम्मानित किया। ज़िला कवड्डी संघ लखनऊ द्वारा यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में किया गया। इस अवसर पर जिला कवड्डी संघ के सचिव सी.जी. शुक्ल, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल वाजपेयी, संयुक्त सचिव अनूप शुक्ल और शराफ़त अली उपस्थिति रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 2

वेबसाइट पर बीएड प्रवेशपत्र अपलोड

9 अगस्त को होनी है परीक्षा

अमृत विचार लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने जा रही प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गये है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए जा रहे हैं। परीक्षा के लिए करीब 4.31 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा आगामी नौ अगस्त को प्रस्तावित है। परीक्षा की प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की लगभग सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर प्रवेश पत्र भी अपलोड कर दिए गये हैं।

प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया कि परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय ध्यान रखें कि प्रिंट कॉपी साफ रहे। उन्होंने बताया यदि किसी परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में कोई त्रुटि है तो उसे भी ऑनलाइन सुधार के लिए भेजा जा सकता है। फिर संसोधन के बाद पुनः उसका प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

73 जिलों में होगा इम्तिहान

इस बार कोरोना के चलते परीक्षा केन्द्र 73 जिलों में बनायें गये हैं, बीएड प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया कि कोविड–19 से बचाव के लिए यह कदम उठाया गया है ताकिपरीक्षा के दौरान दूसरे जिले परीक्षार्थियों को न आना जाना पड़े, इससे कोरोना का खतरा बढ़ सकता था। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में पांच अधिकारियों की टीम बनाई गई है। इनमें, उच्च शिक्षा अधिकार, जिले का डीआईओएस, जिलाधिकारी, राज्य विश्वविद्यालयों से नामित नोडल कॉर्डिनेटर, पर्यवेक्षक शामिल होगा। सभी केन्द्रों पर कोरोना से बचाव की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

NBT PAGE 1 & 5

एलयू : कैलेंडर जारी, यूजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं एक अक्टूबर से

■ एनबीटी,लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को सत्र 2020-21 का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। यूजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं एक अक्टूबर से, जबकि पीजी की एक नवंबर से शुरू होंगी। शुरुआती 45 दिनों तक सिर्फ ऑनलाइन क्लास होंगी। उसके बाद ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन कक्षाएं भी चलेंगी। स्मार्ट क्लास रूम के जरिए कक्षाओं का लाइव टेलिकास्ट भी किया जाएगा। कैलेंडर के अनुसार, प्रथम सेमेस्टर को छोड़ अन्य सभी सेमेस्टर की कक्षाएं चार अगस्त से शुरू होंगी।

एलयू : इंजिनियरिंग विभाग में ₹45 लाख से बनेगी कम्प्यूटर लैब

■ एनबीटी, लखनऊ : लविवि के इंजिनियरिंग विभाग में स्टूडेंट्स के लिए अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब जल्द ही बनेगी। वीटेक फोर्थ इयर के स्टूडेंट्स की लैबों के लिए 45 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इन लैबों में अडवांस कम्प्यूटर लगवाने के लिए भी प्रस्ताव एलयू प्रशासन को भेजा जा चुका है। विभाग के न्यू ब्लॉक में बनने वाली लैब नवंबर तक शुरू होने की संभावना है।

डीन फैकेल्टी ऑफ इंजिनियरिंग ऐंड टेक्नॉलजी प्रो. राम सरन गुप्ता ने बताया कि वीटेक कोर्स के फोर्थ इयर के स्टूडेंट्स के लिए लैब बनवाई जा रही है। इसमें इलेक्ट्रिकल ड्राइव लैबोरेट्री, स्विच गियर ऐंड प्रोटेक्शन लैबोरेट्री, इंस्ट्रूमेंटेशन ऐंड प्रोसेस कंट्रोल लाइब्रेरी, ऑप्टिकल कम्युनिकेशन लाइब्रेरी और कम्प्यूटर एडेड डिजाइन लैब शामिल हैं। इन लैबों के लिए 45 लाख रुपये की जरूरत है। इसके साथ ही करीब 35 लाख से अडवांस सॉफ्टवेयर खरीदे जाने हैं। प्रो. राम सरन गुप्ता के अनुसार नई बनने वाली तीन लैबों के लिए 120 कम्प्यूटर भी खरीदे जाएंगे।

THE PIONEER PAGE 3

BEd-JEE: Admit cards uploaded on LU website

Lucknow (PNS): The admit cards for the upcoming joint entrance examination (JEE) of BEd-2020, scheduled to be held on August 9, have been uploaded on the University of Lucknow website. The candidates can download the admit cards. State coordinator, BEd-JEE, Amita Bajpai said candidates can download their admit cards by entering their registration numbers and password on LU website.

"If any candidate has forgotten his or her password, they can obtain a fresh password by entering their registration number, date of birth and registered mobile number. The downloaded admit card will be in duplicate. These admit cards are issued on the basis of eligibility information given by the candidates in the online application form. It only allows them to appear provisionally in the entrance exam," she said. She added candidates are advised to follow all the guidelines/rules framed by the government in this context for proper protection from Covid-19. Candidates must carry their their own masks, sanitisers and drinking water at the exam centre.

HINDUSTAN PAGE 4

कोरोना संक्रमण को देखते हुए खास सावधानी बरती जाएगी

बीएड के प्रवेश पत्र जारी 1 घंटा पहले रिपोर्ट करें

लखनऊ विवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 के प्रवेश पत्र सोमवार को जारी कर दिए गए हैं। यह प्रवेश पत्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर अपलोड किए गए हैं।

अभ्यर्थी यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करते हुए प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बता दें कि प्रवेश परीक्षा में अगस्त को अभ्यर्थियों ने राजधानी समेत प्रदेश भर से करीब 4.31 लाख अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 के लिए राजधानी समेत प्रदेश के 73 जिलों में 1089 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

बीएड की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए कराये सावधानी बरती गई है। केन्द्रों के सैनिटाइजेशन से लेकर अभ्यर्थियों तक की सैनिटाइजेशन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए हर केन्द्र पर प्रतिदिन 20 रुपये अतिरिक्त बजट दिया गया है।

जानकारी के अनुसार परीक्षा के एक दिन पहले सभी केन्द्रों में छात्रों के बैठने की कुर्सी बेंच से लेकर पूरे भवन को सैनिटाइज कराया जाएगा।

प्रयागराज के अभ्यर्थी को 250 किमी दूर केंद्र

प्रयागराज के विद्यार्थियों ने अपने जिले में बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए केन्द्र आवंटित का विरोध हुआ। बताया जा रहा है कि जब प्रवेश पत्र जारी किए तो विश्वविद्यालय की करीब 250 किलोमीटर दूर वाराणसी में केन्द्र दिया गया। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को सोशल मीडिया पर अपना दर्द बताया है। उनका कहना है कि कोरोना के इस दौर में 250 किलोमीटर का सफर कैसे संभव हो सकता है। कई अभ्यर्थी एसी परेशानी से दो चार हो रहे हैं। लविवि ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए अभ्यर्थियों से केन्द्र परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव मांगा था। करीब 1.10 लाख अभ्यर्थियों ने सोशल प्लेटफार्म के माध्यम से प्रस्ताव भेजा था। लेकिन अभ्यर्थियों ने केन्द्र परिवर्तन किया था। प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई का कहना है कि विश्वविद्यालय संसाधन की कोई उपलब्ध नहीं है।

दिशा निर्देश

अभ्यर्थियों के लिए

- सभी अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना होगा।
- मास्क अनिवार्य किया गया है।
- अभ्यर्थी सैनिटाइजर भी लगाएं।
- केन्द्रों पर भी मास्क और सैनिटाइजर की व्यवस्था की जाएगी।

केंद्रों के लिए

- परीक्षा केन्द्रों पर संक्रमण द्वारा उचित सैनिटाइजेशन की व्यवस्था हो।
- प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों सूचना सैनिटाइजर का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए।
- परीक्षा केन्द्रों पर शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों के प्रवेश के समय इन्फ्रारेड थर्मामीटर से तापमान लिया जाए।
- मास्क का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।
- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जाए।
- पेयी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे छात्रों को अधिक समय में उपस्थिति के दृष्टिगत एक ही स्थान पर भीड़भाड़ न हो।
- अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 60 मिनट पूर्व प्रवेश मिलेगा।
- वह अपना स्थान परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट पूर्व ग्रहण करेगा।

यूजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं एक अक्तूबर से

लविवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं एक अक्तूबर से शुरू होंगी। वहीं, परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई एक नवम्बर से होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2020-21 का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। विवि प्रशासन ने तय किया है कि कम से कम पहले 45 दिनों तक सिर्फ ऑनलाइन क्लासेज ही चलाई जाएंगी। उसके पश्चात ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन क्लासेज भी चलेंगी। छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ग्रुप का रोटेशन बनाकर क्लासेज होंगी। स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से इन कक्षाओं का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य की कक्षाएं भी चार अगस्त से ऑनलाइन शुरू होंगी।

प्रस्तावित एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य की ऑनलाइन कक्षाएं चार अगस्त से शुरू होंगी। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया अगस्त 15 सितम्बर तक पूरी की जाएगी। एक अक्टूबर से पढ़ाई शुरू होगी। स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी करके एक नवम्बर से कक्षाओं की शुरुआत होगी। 5 दिसम्बर से मिड टर्म और बैकपेपर परीक्षाएं कराई जाएंगी। 25 से 31 दिसम्बर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा।

इंजीनियरिंग के छात्रों को नई लैब मिलेगी

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के छात्रों को एडवांस कम्प्यूटर के साथ अत्याधुनिक लैब में काम करने का मौका मिलेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रस्ताव भेजा गया है। लैब के लिए इंजीनियरिंग के न्यू ब्लॉक की लगभग तैयार है। नवंबर तक लैब तैयार होने की संभावना जताई जा रही है। डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. राम सरन गुप्ता ने बताया कि इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इंजीनियरिंग ड्राइव लाइब्रेरी, स्विच गियर एंड प्रोटेक्शन लैबोरेट्री, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड प्रोसेस कंट्रोल लाइब्रेरी, दो लैब तैयार होंगी। इसके साथ ही एडवांस लैब भी बनाई जा रही हैं।

विभागों को बदलाव की छूट

वीटेक छात्रों की देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पाठ्यक्रम संचालन में प्रशासनिक सुधार की छूट दी है। इसमें प्रत्येक प्रश्न पत्र में ट्यूटोरियल्स / असाइनमेंट्स / प्रोजेक्ट्स / ऑनलाइन कंटेंट डिलीवरी / वीडियो क्लासेज / वर्चुअल लैबोरेटरी की सुविधा को समाहित करने की छूट दी गई है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो इसके परीक्षा के दिनों कालांतर में न हो पाने की स्थिति में ये अंक प्रोजेक्ट किए जाएंगे।

i-NEXT PAGE 4

यूजी फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेज 1 अक्टूबर से

CONCEPT PIC

LUCKNOW (27 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार शाम सत्र 2020-21 का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया. इसके मुताबिक स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं पहली अक्टूबर से शुरू होंगी. जबकि, परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की क्लास पहली नवंबर से चलेगी.

एलयू ने जारी किया एकेडमिक कैलेंडर

पहले 45 दिन सिर्फ ऑनलाइन क्लास

एलयू प्रशासन ने निर्णय लिया है कि कम से कम पहले 45 दिनों तक सिर्फ ऑनलाइन क्लास ही संचालित होंगी. उसके बाद ऑफलाइन कक्षाएं भी चलाई जाएंगी. इसमें, छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ग्रुप का रोटेशन बनाकर क्लासेज होंगी. स्मार्ट क्लासरूम के जरिये इन कक्षाओं का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा. प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य की कक्षाएं भी चार अगस्त से ऑनलाइन शुरू होंगी. स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया 15 सितंबर तक पूरी कर ली जाएगी, ताकि पहली अक्टूबर से शिक्षण कार्य शुरू हो सके. इसी तरह, स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी कर एक नवंबर से कक्षाओं की शुरुआत की जाएगी.

25 दिसंबर से सर्दी की छुट्टी

5 दिसंबर से मिड टर्म और बैक पेपर होंगे. 25 से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा. पीजी प्रथम वर्ष विषम सेमेस्टर परीक्षा कराने की अंतिम तारीख 15 मार्च तय की गई है. 30 जून तक सभी अन्य परीक्षाएं कराई जाएंगी. कोरोना संक्रमण को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभागों को कक्षाएं संचालन के लिए कुछ रियायतें व सुझाव भी दिए हैं. इसमें, प्रत्येक प्रश्नपत्र में ट्यूटोरियल/ असाइमेंट/प्रोजेक्ट/ऑनलाइन कंटेंट डिलीवरी/ वीडियो क्लास को भी शामिल करने को कहा गया है.